BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
PIN-842001 (BIHAR)
Website:-www.brabu.net

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
COMPILED BY MEDIA CELL (16.10.2024)

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 16.10.2024, PAGE-04

एमएड प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में एमएड प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन नंबर समेत अन्य जानकारी दर्ज कर प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसको लेकर परीक्षा विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। 20 अक्टूबर को प्रवेश परीक्षा होनी है। इसके लिए विश्वविद्यालय परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है। प्रवेश परीक्षा दो घंटे की होगी। इसमें वस्तुनिष्ठ सवाल पूछे जाएंगे। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। परीक्षा सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक होनी है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 16.10.2024, PAGE-06

बिहार विवि को मिली डेलनेट की सदस्यता

मुजफ्फरपुर। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय स्थित संस्थान डेलनेट में बीआरएबीयू को सदस्यता मिल गई है। इस बारे में संस्थान की निदेशक डॉ. संगीता कॉल ने बीआरएबीयू की रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण को पत्र भेज दिया है।

बीआरएबीयू के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि डेलनेट में सदस्यता मिल जाने से शोध के छात्रों को काफी फायदा होगा। शोध छात्रों को ऑनलाइन रिसर्च जर्नल पढ़ने में आसानी होगी। वह किसी भी विश्वविद्यालय के रिसर्च जर्नल को ऑनलाइन पढ़ सकेंगे। डेलनेट की सुविधा केंद्रीय लाइब्रेरी में छात्रों को दी जाएगी।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 16.10.2024, PAGE-04

यूजीसी स्केल वाले रेगुलर प्राध्यापक ही बनेंगे पीएचडी गाइड कई विषयों में सीट का टोटा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- कॉमर्स में शिक्षकों की कमी, कोर्स वर्क करने के बाद अब अभ्यर्थियों को गाइड चुनने में होगी परेशानी
- विश्वविद्यालय ने पीएचडी के लिए प्रभावी की रिसर्च पॉलिसी अभ्यर्थियों की परेशानी को दूर करने में होगी सहायक

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और कॉलेजों में नियुक्त यूजीसी स्केल प्राप्त करने वाले रेगुलर प्राध्यापक ही पीएचडी के लिए गाइड बन पाएंगे. विश्वविद्यालय ने सभी पीजी विभागाध्यक्षों को यह स्पष्ट रूप से बता दिया है. ऐसे में नियमित प्राध्यापकों के पास यदि सीट नहीं हो तो अभ्यर्थियों को गाइड खोजने में परेशानी होगी. विशेषकर कॉमर्स में शिक्षकों की कमी है. 2021 सत्र में कोर्स वर्क पूरा करने वाले अभ्यर्थियों पर भी विश्वविद्यालय की नयी रिसर्च पॉलिसी प्रभावी होगी. कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने बताया कि रिसर्च सुपरवाइजर चुनने में अभ्यर्थियों को उत्पीड़न झेलना पड़ता था. उन्हें परेशानी नहीं हो इसको लेकर विश्वविद्यालय ने नयी रिसर्च पॉलिसी तैयार की है. इसमें अब अभ्यर्थियों से ही तीन-तीन गाइड के नाम मांगे जाएंगे. उनमें से जो गाइड बनने के लिए सहमत होंगे, विश्वविद्यालय की ओर से संबंधित अभ्यर्थी को गाइड आवंटित कर दिया जाएगा. कुलपति ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन शिक्षकों को यूजीसी स्केल मिल रहा हो और वे नियमित रूप से विश्वविद्यालय व अंगीभूत कॉलेजों में सेवा दे रहे हों, वही अब गाइड बनेंगे. कुलपति ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों का कोर्स वर्क पूरा हो चुका है और वहां रेगुलर शिक्षक के पास यदि सीट नहीं हो तो उनके लिए गाइड आवंटन के लिए विकल्प पर विचार किया जाएगा.

जिन विषयों में नियमित फैकल्टी नहीं, उनपर अगले सत्र से नामांकन पर संशय : विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस और शिक्षा विषय का अपना अलग विभाग नहीं है. कंप्यूटर साइंस का संचालन विश्वविद्यालय के गणित विभाग और बीएड का संचालन दर्शनशास्त्र विभाग में होता रहा है. इन विषयों में पैट उत्तीर्ण होने वालों का कोर्स वर्क भी इन्हीं विभागों में होता रहा है. साथ ही कंप्यूटर साइंस के लिए गणित व भौतिकी के शिक्षक ही गाइड बनते रहे हैं. ऐसे में अब अगले सत्र से इन विषयों में नामांकन की प्रक्रिया पर संशय है. कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में इनका विभाग स्थापित होगा. ऐसा नहीं होने पर इन विषयों में नामांकन नहीं लिया जाएगा.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 16.10.2024, PAGE-04

एमएड की प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने 20 अक्टूबर को होने वाली एमएड की प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है.

विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर लॉगइन कर अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं. 20 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन केंद्र पर प्रवेश परीक्षा प्रस्तावित है.

यह परीक्षा दो घंटे की होगी. इसमें अभ्यर्थियों को वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर देने होंगे. परीक्षा को लेकर तैयारियां चल रही हैं. विश्वविद्यालय के तीन कॉलेजों में 50-50 सीटों पर एमएड कोर्स की स्वीकृति है. इसके लिए चार सौ से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. प्रवेश परीक्षा के बाद मेधा सूची जारी की जाएगी. उसी अनुसार चयनित अभ्यर्थी आवंटित कॉलेज में नामांकन करा सकेंगे.